वोट डालकर दिखाई लोकतंत्र की ताकत

पुष्कर, (निसं)। अजमेर की लोकसभा सीट की 8 विधानसभा में आज लोकतंत्र का महापर्व बड़े उत्साह से नजर आया जहां कहीं भी देखो चाहे वह गांव हो या ढाणी,तहसील हो या शहर सभी जगह सुबह 7:00 बजे ही मतदान केदो पर मतदाताओं की भीड नजर आई। कई जगह पर घर-घर मोदी का नारा सुनाई दिया, कई घरों में बुजुर्गों ने अपने बच्चों को शीघ्र मतदान डालने पर जोर दिया।

पुष्कर शहर में 67 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ जो की अजमेर लोक सभा में सबसे ज्यादा है। पुष्कर के सभी वार्डो में बंपर मतदान हुआ । पुष्कर मे मतदान प्रतिशत जहा एक और दोनो पार्टियां भाजपा कांग्रेस लगी थी, वही स्थानीय प्रशासन ने कई स्वीप कार्यक्रम भी आयोजित किए। छूटपुट घटनाओं को छोड़कर कोई बड़ी घटना नही हुई। इस बार बहुत शांति पूर्णमतदान हुआ।

महिलाएं और युवक और युवतियो ने भी वोट डालने में रुचि दिखाई। कार्यकर्ताओं में सुबह से ही जोश था एक-एक घर जाकर मतदाताओं से पहले मतदान फिर दूसरा काम करने की अपील करते नजर आए।

सुबह भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी भागीरथ चौधरी भगवान की पूजा अर्चना कर लोकतंत्र के मंदिर मतदान केंद्र पहुंचे और उन्होंने अपना मतदान कर सेल्फी ली। इसी प्रकार अजमेर उत्तर और दक्षिण के विधायक वासुदेव देवनानी व अनीता भदेल भी मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान कर कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक मतदान करने का दिशा निर्देश दिया इसी प्रकार नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लांबा, पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत, केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम दूदू विधायक उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने भी मतदान केंद्र में अपना मत का प्रयोग किया अजमेर शहर में सुबह 7 से ही मतदान केदो पर भारी भी नजर आई। दोपहर को धूप तेज होने के कारण थोड़े दिन मतदान केदो में शांति रही परंतु शाम 5 बजे बाद लोग धूप कम होने होते ही घरों से निकले और मतदान कर मोदी को जिताने की अपील करते नजर आए।

भाजपा अजमेर देहात अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा प्रात: मतदान करने के बाद पूरे देहात जिले और पंचायत केंद्रों के बूथों तक जाकर कमल खिलाने और पार्टी के पक्ष प्रचार किया साथ ही बूथ पर बैठे कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की साथ ही कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा ।

देहात जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा ने कहा कि भाजपा अब की बार 400 पार पहुंचेगी और भागीरथ चौधरी लाखो मतो से विजय होंगे।

साथ ही भाजपा देहात जिला अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा ने शांतिपूर्ण,अच्छी संख्या में मतदान के लिए आम जनता,भाजपा कार्यकर्ता ,भाजपा पदाधिकारियों का आभार जताया साथ ही मीडिया कवरेज के लिए पत्रकार भाईयो का भी आभार जताया।

देहात भाजपा जिला संयोजक नेहरू पंडित ने बताया कि देहात अध्यक्ष ने ब्यावर में मतदान के बाद मसूदा में लोकसभा चुनाव संयोजक वीरेंद्र सिंह कानावत ,संयोजक सुभाष वर्मा ,के साथ,केकड़ी में विधायक शत्रुगन गौतम और चुनाव सत्यनारायण चौधरी, नसीराबाद में विधायक रामस्वरूप लांबा और चुनाव संयोजक शक्ति सिंह रावत,पुष्कर में विधायक एवम जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और चुनाव संयोजक जीतमल प्रजापत के साथ गांव गांव ,पंचायत पंचायत जाकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ मेरा बूथ सब से मजबूत कर प्रचार किया।

देहात अध्यक्ष देवी शंकर भूतड़ा के साथ प्रचार अभियान में देहात से पूर्व जिला अध्यक्ष शिव राज चौधरी,महामंत्री राय चंद बागड़ी,उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाराशर, जिला मंत्री राजेंद्र महावर,जिला मंत्री नरेंद्र सिंह चुंडावत, भाजपा देहात मीडिया संयोजक नेहरू पंडित,युवा मोर्चा के गोलू पहलवान, युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्जुन नलिया,महिला मोर्चा अध्यक्ष मुकेश कंवर, पूर्व जिला अध्यक्ष नवीन शर्मा,मीडिया सह संयोजक सर्वेश्वर शास्त्री,मीडिया देहात सह संयोजक प्रदीप भदोरिया,आई टी संयोजक प्रकाश रावत सहित भाजपा देहात की टीम लगी रही।

कार्यकताओं के साथ चुनाव सम्पन्न होने के बाद ।

- **पुष्कर शहर में 67 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हुआ जो की अजमेर लोकसभा में सबसे ज्यादा है**

ब्यावर ज़िला व्यापार संघ ने मतदान प्रेरणा के लिए किया नवाचार

मतदाता को मतदान के लिये प्रेरित करते हुऐ मतदान जाग्रति रैली निकाली।

ब्यावर, (निसं)। व्यापार संघ ने 100 मतदान कर लोकतंत्र को मज़बूत करने, व्यापारियों व शहर वासियों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए सुबह 9 बजे चांग गेट से अपने हाथो में स्लोगनआज छुट्टी का दिन नहीं जिम्मेदारी का दिन है, चुनाव का पर्व देश का गर्व। वाली तख्तियों की और ईशारा करते हुऐ मतदाता को मतदान के लिये प्रेरित करते हुऐ शहर के मुख्य बाज़ारों , कॉलोनियों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, भीड़ भाड़ वाली जगहों पर संपर्क करते हुए मतदान जाग्रति रैली निकाली। 21 सदस्यों के दल में संघ के कोर कमेटी सदस्य शामिल रहे। पिछले 15 दिनों से जारी ब्यावर व्यापार संघ के प्रयासों की प्रशसा की व रैली का जगह जगह व्यापारियों द्वारा स्वागत किया गया। इससे पूर्व प्रशासन के संग चांग गेट कुमारानंद सर्कल पर मतदाता को मतदान हेतु जागरूक करने के उदेश्य पर दीप दान करते हुऐ मतदाता को मतदान के लिये प्रेरित किया गया था।

गौरतलब है की पिछले 15 दिनों से मतदान जागृति अभियान चलाया जा रहा था। इस अभियान के मुख्य सदस्य ब्यावर व्यापार संघ के अध्यक्ष व श्री मद भागवत प्रभात फेरी के सयोंजक संजय घीया के समर्थन साथीगण प्रकाश कुंदनानी, विजय लोगानी, शंकर लाल प्रजापति, कोमल भारती, गौरव सेक्सना,विनोद फुलवारी, प्रेम नारायण राठी, नवल सोमाणी, विठ्ठल कासलीवाल, नेमीचंद सैन, संजय गर्ग, चंद्र प्रकाश अग्रवाल, कपिल भारती, कमलेश गोलानी, दिनेश सावलानी, प्रकाश साहू, किशोर साहू, गोपाल कुंदनानी, निखिल सावलानी,मोनू राजपूत, मेहन्द्र, अमित, जेनिश भारती राजेंद्र, कमल, किशन लाल, अन्य व्यापारी जनो का भरपूर सहयोग रहा।

चांग गेटसे रैली प्रारम्भ रैली मुख्य बाज़ारो से घूमती हुई व पुन: चांग गेट पर पहुंची जहां रैली का समापन हुआ।

बलवंता गांव में 2235 में से मात्र 37 मतदाताओं ने ही मतदान किया

नसीराबाद, (निसं)। नसीराबाद विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। चिल चिल्लाती धूप और भीषण गर्मी के कारण मतदान बूथों पर मतदाताओं की भीड़ कम रही। सरकार द्वारा स्वीप कार्यक्रमों के बावजूद मतदान लगभग 62 फिसदी रहा। वहीं दूसरी तरफ लोकतंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से कई वृद्ध व्यक्तियों एवं विशेष योग्यजन व्यक्तियों को भी मतदान के लिए मतदान बूथों पर देखा गया जोकि अन्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक भी कर रहे थे। पुलिस और प्रशासन का माकूल इंतजाम देखा गया।

बलवंता के दो बूथ पर मात्र 37 ने किया मतदान:- पुष्कर विधानसभा क्षेत्र की दांता ग्राम पंचायत के बलवंता गांव में 2235 मतदाता होने के बावजूद मात्र 37 मतदाताओं ने ही मतदान किया। जो कि जिले में संभवत सबसे कम मतदान है। नसीराबाद से मात्र पांच किलोमीटर दूर स्थित बलवंता और जाटिया गांव में बीते कई दशक से बीसलपुर का स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को हैंड पंप व ट्यूबवैल का फ्लोराइडयुक्त पानी पीना पड रहा है। जिसके चलते ठाामवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए बीसलपुर के स्वच्छ पानी की कई बार मांग की गई। विडंबना की परिकाष्ठा रही कि पटवारी से लेकर मुख्यमंत्री तक अवगत कराने के बावजूद इन गांवों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका। बलवंता के ग्रामवासियों ने मौके की नजाकत को देखते हुए लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। पुलिस, जलदाय विभाग, पंचायत राज विभाग आदि को जानकारी मिलते ही ठाामवासियों को समझाने का अथक प्रयास किया। इतना ही नहीं बल्कि लिखित में आश्वासन दिया गया। ठाामवासी मतदान बूथ के आसपास बैठे एवं घूमते रहे लेकिन मतदान बूथ में जाकर मतदान नहीं किया। जिसके कारण बलवंता में मात्र 37 वोट दिए गए। ठाामवासियों का स्पष्ट शब्दों में कहना था कि पूर्व में भी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने आश्वासन दिए थे किंतु नतीजा वही ढाक के तीन पात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने लिखित आश्वासन में बताया कि जब तक पेयजल पाइपलाइन नही डल जाती है तब तक पानी के टैंकरो द्वारि पेयजल आपूर्ति की जाएगी। अवैध कनेक्शन को हटा दिया जाएगा एवं खराब पड़े हैंडपंप ट्यूबवेल की मरम्मत कर दी जाएगी। इतना ही नहीं बल्कि घर घर पेयजल योजना के तहत प्राथमिकता से पाइपलाइन में बीछाकर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बावजूद ग्रामवासी अड़े रहे कि पहले पानी उपलब्ध कराया जाए उसके बाद ही मतदान किया जाएगा।

- **नसीराबाद में लोकसभा चुनाव का मतदान शांतिपूर्वक संपन्न**

धर्म ही सर्वहितकारी: मुनि हितेन्द्र सागर

बांसवाड़ा, (निसं.)। संपूर्ण सुख को प्राप्त करने का कोई मार्ग है तो वह धर्म है क्योंकि धर्म ही सर्व हितकारी होता है। उक्त उद्गार मुनि हितेन्द्र सागर महाराज ने बाहुबली कॉलोनी स्थित सुमतिनाथ जिनालय परिसर में आयोजित धर्मसभा में व्यक्त किये। उन्होंने प्रथमाचार्य शांतिसागर महाराज की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अनेक उपसर्ग हुए जिनकी उन्होंने घटनाएं भी बताते हुए कहा कि किस तरह से अपने शरीर पर आये उपसर्ग करने वालों को प्रथमाचार्य ने समता भाव से माफ कर दिया था। ध्यान रहे कि मंदिर में आचार्य वर्धमान सागर ससंघ विराजित है। प्रवक्ता महेन्द्र कवालिया ने बताया कि यह वर्ष चरित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर महाराज के आचार्य पदारोहण शताब्दी वर्ष है जो अखिल भारतीय स्तर पर महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रविवार को दोपहर तीन बजे आचार्य के मार्गदर्शन में मांगलिक भवन बाहुबली कॉलोनी में बैठक आहुत की गयी है जिसमें महोत्सव को संभाग स्तर पर धूमधाम से मनाने पर चर्चा की जायेगी।

युवती के बाल गन्ने की ज्यूस की मशीन में फंसे

उदयपुर, (का.स.)। शुक्रवार को शहर के अम्बामाता थाना के समीप गन्ने का जूस निकाल रही युवती के बाल मशीन में फंस गए। युवती के बालों के साथ ही सिर की चमड़ी उधड़ गई। खून बहने लगा। वोट देकर बूथ से बाहर आए जवान ने उसकी जान बचाई। युवती को गंभीर अवस्था में गीतांजलि हॉस्पिटल पहुँचाया गया जहाँ उसका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तनीषा माली (22) दोपहर करीब 2 बजे अंबा माता थाना क्षेत्र में बूथ नंबर 112 के पास गन्ने का जूस निकाल रही थी। इस दौरान उसके सिर के बाल मशीन में फंस गए। सिर भी मशीन की चपेट में आने वाला था। नागरिक सुरक्षा विभाग के जवान जयसिंह सरदार की नजर पड़ी तो वे दौड़कर पहुंचे और तनीषा के बाल व सिर को खींचकर जान बचाई। जयसिंह फौरन घायल युवती को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है।

जयसिंह सरदार ने बताया कि मैं अंबा माता थाना क्षेत्र में बूथ नंबर 112 पर मतदान करने आया था। वोट देने के बाद बूथ के बाहर बाइक स्टार्ट कर रहा था। तभी मैंने देखा कि सामने ठेले पर गन्ने का जूस निकाल रही युवती के बाल मशीन में फंस गए थे। बड़े हादसे का अंदेशा होने पर मैं फौरन दौड़कर दुकान पर पहुंचा और उसे बचाने की कोशिश की।मैंने युवती के बाल पकड़कर और सिर को खींचकर बचाने की कोशिश की। मैं अगर समय रहते नहीं पहुंचता तो युवती का सिर मशीन के अंदर जा सकता था। उसकी जान भी जा सकती थी। जिस समय हादसा हुआ उस समय युवती के पिता खाना खा रहे थे और वह जूस बना रही थी।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार तनीषा की 18 फरवरी को शादी हुई थी। उसका ससुराल उदयपुर से 50 किलोमीटर दूर फतहनगर के पास खेड़ी गांव में है। वह इन दिनों पीहर आई हुई थी। उसके पिता मूलत: वल्लभनगर के रहने वाले हैं। अंबा थाना क्षेत्र में किराये के घर में रहते हैं। शुक्रवार को पिता की मदद के लिए गन्ने के ठेले पर आई थी। इसी दौरान हादसा हो गया।

सार-समाचार

मतदाताओं ने किया बारी का इंतजार

राजसमंद, (निसं.)। लोकसभा चुनाव को लेकर द्वितीय चरण में राजसमंद संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान हुआ। शहर में सुरजपोल स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 101 को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया। सिर्फ कहने मात्र को ही नहीं, यह वाकई में आदर्श साबित हुआ। यहाँ सबसे पहले एक आकर्षक गेट ने लोगों को अंदर आकर मतदान के लिए प्रेरित किया। पूरे परिसर को गुब्बारों से सजाया गया था। अंदर घुसते ही हेल्प डेस्क के कार्मिकों ने इत्मीनान से पूरी प्रक्रिया समझाई और मार्गदर्शन किया। किड्स प्ले एरिया में बच्चों ने लुत्फ उठाया। तो वहीं एक अध्ययन क्षेत्र का निर्माण किया गया जहां पर कई रोचक पुस्तकें रखी गई। इसे लेकर बच्चों और युवा मतदाताओं में काफी क्रेज दिखा। जब माता-पिता अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे तब बच्चों ने यहाँ अध्ययन केंद्र पर पुस्तकें देखी। इसके अलावा चारों तरफ कूलर और सोफे लगाए गए जहां बैठ कर मतदाताओं ने अपनी बारी का इंतजार किया। यहाँ लगाया गया सेल्फी पॉइंट भी आकर्षण का केंद्र रहा जिस पर सेल्फी लेने के लिए मतदाता उमडे रहे। इसके साथ ही व्हीलचेयर की व्यवस्था हर समय रही जिससे बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को काफी मदद मिली। सभी मतदाताओं ने एक सुर में व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस मतदान केंद्र का कलक्टर, एसपी और सामान्य पर्यवेक्षक ने भी विजिट किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी अर्चना बुगालिया, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, एक्सईएन तरुण बाहेती आदि यहाँ मौजूद रहे।

समारोह का आगाज आज

उदयपुर, (कासं.)। भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में अठाणी संगीत संस्थान शहर के अर्बुदा कला मंदिर संगीत प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे पांच दिवसीय हार्मोनिका निशुल्क माउथ ऑर्गन प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। शिविर में आठ विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर माउथ ऑर्गन की बारीकियों को सीखा और समझा। प्रशिक्षण प्रदीप कुमार जैन ने दिया। निदेशक विवेक अठावाल ने बताया कि शनिवार से संस्थान में विश्व नृत्य दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय समारोहहोगा। पहले दिन वैशाख संगीत उत्सव नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के लिए दूसरे दिन अर्बुदा वरिष्ठ नागरिक क्लब की ओर अप्रैल माह में आने वाले महान गायक कलाकारों और संगीत कलाकारों गायिका शमशाद बेगम, संगीतकार शंकर सिंह रघुवंशी, गीतकार हसरत जयपुरी, गीतकार शकील बदायूंनी और शास्त्रीय गायक कुमार गंधर्व को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर याद किया जाएगा। तीसरे दिन सोमवार को विश्व नृत्य दिवस पर शास्त्रीय नृत्य के ऊपर व्याख्यानमाला होगी। जिसमें शास्त्रीय संगीत विशेषज्ञ महेंद्र कुर्मा वर्मा अपना व्याख्यान देंगे।

अधिकारियों व लोको पायलट का स्वागत

राजसमंद, (निसं.)। मावली -मारवाड मीटरगेज रेल खंड ब्रॉडगेज का काम शुरू होने के कारण 1932 में शुरू हुई मीटर गेज रेल लाइन की ट्रेन शुक्रवार को अंतिम बार जब कांकरोली रेलवे स्टेशन पहुंची तो भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष किशन गाडरी के नेतृत्व में युवाओं ने लोको पायलट का स्वागत किया। चेतन गाडरी ने बताया की जब अंतिम बार ट्रेन कांकरोली रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो युवाओं ने द्वारकाधीश के जयकारों के साथ रेलवे के अधिकारियों और लोको पायलटो का स्वागत किया। बता दें कि इस मीटर गेज पर गोरमघाट जैसा पर्यटन स्थल है और वर्षो से केवल सुबह और शाम एक रेल चल रही थी। इस दौरान रघुवीरसिंह, सोहन गाडरी, मुकेश, प्रदीप लोहार, निर्मल सेन, रमेश गुर्जर, कुंदन सिंह, छगन कुमावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं.)। धोखे से दुष्कर्म करने के बाद तैयार वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने आरोपी बृजमोहन शर्मा नामक आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडिता ने बताया कि संपर्क होने के दौरान गत दिनों आरोपी ने मुझे बहला फुसला कर अपने साथ एकांत में ले गया। जहां शीतल पेय में नशीली दवा पिला दी । कुछ समय बाद अचेत होने पर उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो तैयार कर लिया। अब आरोपी उक्त वीडियों वायरल करने की धमकी देकर ब्लेमेल कर करीब दो माह में चार पांच बार मेरे साथ दुष्कर्म कर चुका है। इसके बावजूद आरोपी मुझे अब भी ब्लेमेल कर रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच हिरणमगरी थानाधिकारी दर्शनसिंह को सौंपी।

तीन पीढ़ियों ने किया मतदान

ब्यावर, (निसं)। भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रदर्शन इस लोकसभा चुनाव में ब्यावर के इतिहासकार वासुदेव मंगल की तीन पीढ़ियों के मतदाताओं (फोटो जर्नलिस्ट: प्रवीण मंगल और सौरभ मंगल) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिससे भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता की गहरी रुचि का संकेत मिलता है। यह देश की लोकतांत्रिक परंपरा और नागरिकों की राजनीतिक जागरूकता को दर्शाता है। गौरतलब है की प्रशासन द्वारा भी नव विवाहित वर वधु,तीन पीढ़ी के मतदाताओं द्वारा एक साथ ली गई सेल्फी को सीईओ राजस्थान की बेबसाइड पर उपलोड किये जाने पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किये जाने का समाचार प्रकाशित किया गया था।

1500 एमएम की पाइपलाइन टूटी

सरवाड़, (निसं)। अजमेर रोड पर सैफुल होटल के आगे पेयजल लाइन 15 सौ एमएम की पाइपलाइन टूटने से हजारों गेलन पानी बह गया वहीं विधायक शत्रुघ्न गौतम वहां से गुजर रहे थे तभी उनकी एकदम से नजर पड़ी तो रुककर देखे तो वहां पर रुक गए और हजारों लीटर पानी निकलते हुए देखकर अधिकारियों से बात की यह पाइप लाइन अजमेर की पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन है एकाएक पाइपलाइन से पानी निकलते हुए देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई वहीं पाइपलाइन टूटने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो सकती है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया अवलोकन

बांसवाड़ा, (निसं.)। लोकसभा आम चुनाव के तहत जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार प्रात: 7 बजे मतदान प्रक्रिया प्रारंभ हुई। सुबह के समय में अपने काम से जाने वाले लोगो ने पहले मतदान को प्राथमिकता देते हुए मतदान किया। सवेरे से प्रारम्भ हुआ मतदान धीमे धीमे आगे बढते हुए मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की कतारों में तब्दील हो गया। यह नजारा अधिकांश मतदान केन्द्रों पर दिन भर देखा गया।

मतदान प्रक्रिया के भयमुक्त वातावरण के साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शिता सम्पन्न होने को जिला निर्वाचन विभाग भी मुस्तैद रहा। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों से मतदान के प्रतिशत की जानकारी भी जिला स्तर पर स्थापित नियन्त्रण कक्ष के माध्यम से प्रत्येक दो घंटे में उपलब्ध करवायी जाती रही। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत यादव ने जिले के विभिन्न गांवों में स्थित मतदान केन्द्रों एवं शहरी क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का अवलोकन करते हुए शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जा रही मतदान प्रक्रिया को देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के लोधा, कूपडा, तलवाडा, सागेता, वजवाना, पिपलोद, सुरपुर, तेजपुर, बोरवट, ठीकरिया, बोरतलाब, कुण्डला, नापला, कटुम्बी, आडीभीत आदि का दौरा कर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला ने भी मतदान केन्द्रों पर कानून एवं शांति व्यवस्था का अवलोकन किया।

लोकसभा आम चुनाव के तहत जिले में हुए मतदान के दौरान गढी विधानसभा क्षेत्र के अरथूना पंचायत समिति के राउप्रावि टोरी छोटी में अमेरिका यूएसए में रहने वाले भारतीय मूल के मतदाता ने मतदान कर लोकतन्त्र में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।

मतदाताओं ने दिखाया जोश, प्रत्याशी का भाग्य ईवीएम मशीन में बंद

मसूदा, (निसं)। शुक्रवार को मसूदा विधानसभा में लोकसभा आमचुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं में जोश के साथ शांतिपूर्वक मतदान जारी रहा। मतदाताओं ने अपने चहेते प्रत्याशियों को वोट दिया और उनका भाग्य का फैसला ईवीएम मशीन में बंद कर दिया। भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी ने अपने मत का प्रयोग अपने निवास स्थान के पास सरस्वती स्कूल में किया और कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र चौधरी ने अपने गांव मसूदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत देवास के बूथ पर मतदान किया।

सुबह से आठ बजे के बाद से मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की भीड़ दिखाई दी। जिसके चलते मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई। मतदान के दौरान अपना भाग्य अजमा रहे भाजपा व कांग्रेस के उम्ममीदवारों के समर्थन दिनभर दौड़-धूप करते रहे तथा मतदाताओं को मतदान केन्द्र तक पहुंचा कर मतदान करवाया। उधर निर्वाचन विभाग तथा सुरक्षाकर्मियों ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी को अंजाम देते हुए इस बात पर नजरे गड़ाई रखी कि कहीं पर उम्ममीदवारों की और से मतदाताओं को प्रलोभन तो नहीं दिया जा रहा है। शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान निर्वाचन अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत, मसूदा तहसीलदार श्यामलाल आमेटा , डिप्टी सज्जन सिंह ,मसूदा थाना अधिकारी सुरेन्द्र सिंह राव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा भारी पुलिस बल दिनभर मतदान प्रक्रिया पर अपनी पैनी नजरे लगाए रखी।

ग्राम पंचायत देवमगरी में महिलाओं द्वारा मतदान का बहिष्कार किया गया था। महिलाओं ने बताया कि गांव में पीने के पानी की समस्याओं को लेकर महिलाओं के नाराजगी जताई गई थी। तत्काल प्रशासन मौके पर पहुंच कर महिलाओं को समझाइश के बाद महिलाओं ने मतदान किया। मसूदा विधायक सहित मतदान बुथों पर दिव्यांगों वृद्धजनों ने अपने मत का प्रयोग कर मतदान किया।

- **भाजपा प्रत्याशी व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर मतदान के चलते सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

दौलत सिंह मेडतिया मतदान के बाद शेल्फी लेते हुए।

जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

भीलवाड़ा, (निसं)। राज्य में लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मतदान दिवस 26 अप्रेल को जिले के युवा, बुजुर्ग और महिला मतदाताओं ने उत्साह से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मतदान दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता सुबह से ही प्रबंधन को लेकर सक्रिय रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी स्थित मतदान केंद्र, कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थित 6 बूथों, जिला उद्योग केंद्र स्थित युवा प्रबंधित मतदान केंद्र सहित दो बूथों, व एमएलवी टेक्सटाइल कॉलेज स्थित बूथ पर पहुंचकर मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर व्यवस्थाओं को बताया उत्तम:- मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से वार्तालाप कर मतदान के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया। जिस पर मतदाताओं ने मतदान केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को उत्तम बताया।

शांतिपूर्ण हुआ मतदान :- जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता तथा जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के निर्देशन में जिलेभर में किये गए पुख्ता प्रबंधन के चलते चुनावी कार्यो के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करवाया गया। जिला प्रशासन के द्वारा मतदान बूथों के बाहर लगाये गए सेल्फी पॉइंट को लेकर मतदाताओं में खासा रुझान देखा गया।

मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद उत्साह के साथ सेल्फी खिंचवाई और हस्ताक्षर भी किए। जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पारंपरिक वेशभूषा में पहुंची महिलाओं में मतदान के प्रति अपार उत्साह देखा गया। साथ ही जिले में कई मतदान केंद्रों पर नवविवाहित जोड़ों ने विवाह संबधी रस्मों को पूरा कर वोट डालने की रस्म भी निभाई।

विधायक दीप्ति ने मतदाताओं का आभार जताया

राजसमंद, (निसं.)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शांतिपूर्ण एवं उत्साहवर्धक मतदान के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थान में सर्वत्र कमल खिलेगा। मतदाताओं ने यह निश्चय कर लिया है कि देश में कुछ भ्रष्ट परिवारों की सरकार नहीं चाहिए। सबका साथ,सबका विकास की दृष्टि वाली एक सशक्त एवं समय पर सही निर्णय लेने वाली सरकार चाहिए।

विधायक ने कहा कि भ्रष्ट परिवारवादी पार्टियों के दुष्प्रचार का जनता पर कोई प्रभाव नहीं पडा है। इंडी गठबंधन की पार्टियों के दुष्प्रचार और चुनाव घोषणा पत्र से इनका गुप्त मंतव्य अवश्य ही सामने आ गया है। कांग्रेस गठबंधन सनातन धर्म को समाप्त करना चाहती है। जनता की संपत्तियों के एक्सरे से सर्वे करवा कर लूटना चाहती है। उत्तराधिकार में प्राप्त संपत्तियों पर 55 प्रतिशत कर लगा कर मुस्लिम तुष्टिकरण करना चाहती है। दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनहित में कठोर निर्णय लेने का साहस रखते हैं।